दिनांक–07.06.2024 समय–7.10एएम

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रातःकालीन समाचार**

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- केन्द्र में सरकार गठन की गतिविधियां तेज। आज एनडीए सांसदो की नई दिल्ली में होगी बैठक।
- प्रदेष में जल संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जारी।
- मध्यप्रदेष राज्य सेवा परीक्षा 2021 का परिणाम घोषित।
  और
- प्रदेष में 12 जून तक पहुंच सकता है मॉनसून, आज कुछ जगहों पर बारिष की संभावना।

**एनडीए बैठक**

नई दिल्ली में आज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए की बैठक होगी। बैठक में भारतीय जनता पार्टी, तेलगूदेशम पार्टी, जनता दल युनाइटेड, लोक जनशक्ति पार्टी–आर, शिव सेना–शिंदे गुट, जनता दल–एस और एनडीए के अन्य घटक दलों के नवनिर्वाचित सांसद शामिल होंगे। बैठक के लिए एनडीए सांसदों का नई दिल्ली पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और विदिशा से चुने गए सांसद शिवराज सिंह चौहान भी कल रात दिल्ली पहुंच गए हैं। इसके अलावा भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी दिल्ली पहुंच रहे हैं। इस बीच, राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय जनता पार्टी और जनता दल युनाइटेड के नेताओं के अलग–अलग बैठकें करने से राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।

**जल संरक्षण–संवर्धन अभियान–इंदौर**

इंदौर जिले में जल संरक्षण और संर्वधन के लिए विषेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रषासन और नगर निगम इंदौर ने इसके लिए कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन की षुरुआत की है और जानकारी हमारे इंदौर संवाददाता से–

*इंदौर जिले में ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' के तहत जिले की सभी नदियों, तालाबों, कुओं और बावडियों सहित अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 05 जून से षुरु हुआ यह अभियान 16 जून तक चलेगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवाहित होने वाली नदियों, उनमें मिलने वाली सहायक नदियों और जल संरचनाओं का पुनर्जीवीकरण एवं संरक्षण करना है। जिले में ग्राम झलारिया से अभियान की षुरुआत करते हुए जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि अभियान में तालाबों के गहरीकरण के साथ–साथ जल संरचनाओं के क्षेत्र में पानी की आवक में आने वाले अवरोधों को भी हटाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक वर्षा जल संचय किया जा सके। वहीं नगर निगम इंदौर भी जल संरक्षण और संवर्धन के लिए ''वंदे जलम् नमामि गंगे'' अभियान की षुरुआत कर रहा है। इस अभियान के बारे में इंदौर नगर निगम महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आकाषवाणी को बताया*

*जल संरक्षण–संवर्धन के इस अभियान के साथ–साथ नगर निगम और जिला प्रषासन ने पौधरोपण से जिले के पर्यावरण को बेहतर बनाने की कार्ययोजना बनायी है। जिला प्रषासन ने 20 लाख से अधिक पौधरोपण के लिए जिलेभर में 2 हजार स्थानों का चयन भी कर लिया है।*

**जल संवर्धन अभियान–प्रदेश**

प्रदेश में जल संवर्धन अभियान के तहत सभी जिलों में गतिविधियां जारी है। मुरैना की ग्राम पंचायत चांदपुर अंतर्गत अमगांव में सुखमेर नदी शंकर घाट में श्रमदान कर नदी की सफाई की गई। नदी में साफ सफाई कर जिलेवासियों को जल संरक्षण के प्रति संदेश दिया गया। शाजापुर में कल जनपद पंचायत मोहन बड़ोदिया के ग्राम खोरियाएमा की पहाड़ी पर पत्थर रखकर बोल्डर चेक डेम बनाने की शुरूआत की गई।

## परीक्षा परिणाम– राज्य सेवा

मध्यप्रदेष लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा परीक्षा 2021 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। विभिन्न विभागों के 290 पदों के लिये परीक्षा आयोजित की गई थी। चयन परिणाम केवल 87 प्रतिषत पदों के लिये घोषित किया गया है। परिणाम के अनुसार टॉप–टेन में 7 लड़कियों ने जगह बनाई है। रायसेन की अंकिता पाटकर टॉपर रही हैं।

## आयोग आचार संहिता

लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद निर्वाचन आयोग ने कल आदर्श आचार संहिता हटा ली। 16 मार्च को लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई थी। इस बीच कल मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना की एक प्रति राष्ट्रपति को सौंपी जिसमें 18वीं लोकसभा के लिए चुने गए सदस्यों के नाम शामिल हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि आम चुनाव 2024 में मतदान केंद्रों पर कुल 65 दशमलव सात–नौ प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। लक्षद्वीप में सबसे अधिक 84 दशमलव एक–छह प्रतिशत और बिहार में सबसे कम 56 दशमलव एक–नौ प्रतिशत मतदान हुआ।

## खनन कार्रवाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के रेत माफियाओं के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देशों के अनुरूप बैतूल में खनिज, राजस्व तथा पुलिस विभाग द्वारा रेत माफियाओ के विरूद्ध कार्यवाही कर अनेक खनिज प्रकरण दर्ज कर आपराधिक प्रकरण भी दर्ज करवाए गए हैं। रेत माफियाओं के विरूद्ध दर्ज खनिज प्रकरण में शीघ्रता से सुनवाई कर अपर कलेक्टर बैतूल ने रेत माफियाओं के प्रकरणों का निराकरण कर 5 जून 2024 को मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कुल चार प्रकरणों में एक अरब 37 करोड़ की शास्ति एवं नियम 22 के तहत एक करोड़ 25 लाख मूल्य की 02 पोकलेन और एक जेसीबी राजसात करने की कार्यवाही की है। अपर कलेक्टर द्वारा पारित निर्णय अनुसार यदि रेत माफियाओं द्वारा अधिरोपित शास्ति 07 दिवस में जमा नहीं की जाती है, तो रेत माफियाओं की चल अचल संपत्ति कुर्क कर बकाया भू–राजस्व की भांति आरोपित शास्ति की वसूली की जाएगी।

## महुआ महोत्सव–भोपाल

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय की स्थापना के ग्यारहवें वर्षगाँठ समारोह का पांच दिवसीय 'महुआ महोत्सव' का कल जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'महुआ महोत्सव' जनजातीय संस्कृति, कला और व्यंजनों से परिचित कराने का प्रयास है। जनजातियों के सामाजिक जीवनशैली और अनुभव को वास्तविक बनाने के लिए बड़े बड़े आर्किटेक्ट के बजाय जनजातीय कलाकारों ने संग्रहालय स्वयं अपने हाथों से बनाया गया है। मंत्री श्री शाह ने संग्रहालय में नव–निर्मित जनजातीय आवास एवं लौह शिल्प का लोकार्पण भी किया। इसके पहले महोत्सव में दोपहर 2 बजे से शिल्प एवं व्यंजन मेला, बच्चों के लिए कठपुतली प्रदर्शन एवं जनजातीय नृत्यों की प्रस्तुतियाँ संयोजित की गई।

## मौसम–प्रदेश

प्रदेश में इन दिनों दो तरह का मौसम देखने को मिल रहा है। दक्षिण–पश्चिम मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके साथ ही प्रदेश में भी मानसून पूर्व की गतिविधियों में तेजी आने लगी है। मौसम विभाग की मानें तो अलग–अलग स्थानों पर बनी मौसम प्रणालियों के असर से भी

हवाओं के साथ नमी आ रही है। इसके चलते प्रदेश के कई शहरों के अधिकतम तापमान में कमी आने लगी है। मौसम विभाग ने आज भोपाल, नर्मदापुरम, जबलपुर, शहडोल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, सागर संभाग के जिलों में कहीं–कहीं तेज रफ्तार से हवाएं चलने के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। मानसून के 12 जून तक प्रदेश में प्रवेश करने की भी संभावना बन रही है। कल प्रदेश में सबसे अधिक 44 डिग्री सेल्सियस तापमान दमोह और शिवपुरी में दर्ज किया गया। प्रदेश में कहीं भी लू नहीं चली**विश्व कप क्रिकेट**

आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में, अमरीका के डलास में मेजबान अमरीका ने पूर्व चैंपियन पाकिस्तान को 5 रनों से हरा दिया। मैच टाई होने के बाद सुपर ओवर में अमरीका ने 1 विकेट के नुकसान पर 18 रन बनाए जबकि पाकिस्तान एक विकेट पर 13 रन ही बना सका।

टूर्नामेंट में कनाडा के खिलाफ जीत के साथ शुरुआत करने के बाद ग्रुप ए में यह अमरीका की दूसरी जीत है। पाकिस्तान अपना पहला मैच ही हार गया और रविवार को न्यूयॉर्क में उसका मुकाबला भारत से होगा।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कल समीक्षा बैठक में मंत्री निर्देश दिये कि नगरीय निकाय अपने–अपने क्षेत्र में कम से कम एक नगर वन (अर्बन फॉरेस्ट) विकसित करें। इसके लिये 2–2 करोड़ रुपये दिये जायेंगे।
- भोपाल में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित ईएमआरएस के बोर्ड परीक्षा परिणामों की समीक्षा और कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के 26 जिलों के 40 प्राचार्य और 80 शिक्षक सहित 120 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।
- मुरैना में राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ग्रीष्म कालीन मूंग और उड़द के उपार्जन के लिये किसानों के पंजीयन की अवधि 10 जून तक के लिये बढ़ा दी है।
- गुना कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में खाद की समस्या को देखते हुये प्रायवेट डीलर्स, सहकारी समितियां, मार्कफेड के गोदाम में रखे खाद के संबंध में समीक्षा की गई।

———————————————————